## पेज 16

**प्रश्न 1:**
पदार्थ से आप क्या समझते हैं?

**उत्तर 1:**
एक या एक से अधिक शुद्ध तत्वों या यौगिकों से मिलकर बना मिश्रण, पदार्थ कहलाता है। वे पदार्थ जो एक ही प्रकार के अणुओं और परमाणुओं से मिलकर बने होते हैं तथा सभी कणों की रासायनिक प्रकृति समान होती है, शुद्ध पदार्थ कहलाते हैं।

**प्रश्न 2:**
समांगी और विषमांगी मिश्रणों में अंतर बताएँ।

**उत्तर 2:**
समांगी और विषमांगी मिश्रणों में अंतर:

| S. No. | समांगी मिश्रण | विषमांगी मिश्रण |
|---|---|---|
| 1. | समांगी मिश्रण का इसके संपूर्ण द्रव्यमान में समान संघटन होता है। | विषमांगी मिश्रण का इसके संपूर्ण द्रव्यमान में समान संघटन नहीं होता है। |
| 2. | इसमें मिश्रण के विभिन्न अवयवों के बीच स्पष्ट पृथकन सीमाएं नहीं होती हैं। | इसमें मिश्रण के विभिन्न अवयवों के बीच स्पष्ट पृथकन सीमाएं दिखाई देती हैं। |
| 3. | उदाहरण: नमक/चीनी का जल में विलयन। | उदाहरण: जल और रेत का मिश्रण। |